सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून 15 मार्च, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में उत्तराखण्ड भ्रमण पर आये नेशनल डिफेंस कॉलेज (NDC) के अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। नेशनल डिफेंस कॉलेज, नई दिल्ली से भ्रमण पर आये इस दल में सशस्त्र बलों, सिविल सेवा और विदेशी अधिकारियों सहित कुल 18 अधिकारी हैं। यह दल दिनांक 13 मार्च से 17 मार्च तक उत्तराखण्ड भ्रमण पर है और यहां के पर्यटन, सहित अन्य विभागों की जानकारी प्राप्त करेंगे।

राज्यपाल ने सभी अधिकारियों का उत्तराखण्ड में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वह स्वयं 2008 में नेशनल डिफेंस कॉलेज में रहे हैं। इस संस्थान द्वारा वर्षों से उत्कृष्टता के लिए विश्व भर में ख्याति अर्जित की है। संस्थान उच्च नेतृत्व के पदों और जिम्मेदारियों के लिए सशस्त्र बलों और सिविल सेवा के साथ विदेशों से चुने गए वरिष्ठ अधिकारियों के बौद्धिक विकास और रणनीतिक उत्थान के लिए समर्पित है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर अपना मिशन और विजन अधिकारियों के साथ साझा करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड में प्रत्येक क्षेत्र में असीमित संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा उत्तराखण्ड योग की धरती है विश्व भर से लोग यहां योग साधना और योग सीखने आते हैं। इसके साथ–साथ हमारे यहां कृषि एवं औद्यानिकी, प्राकृतिक एवं जैविक कृषि के क्षेत्र में लोगों द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है। उत्तराखण्ड में 17 प्रतिशत से अधिक वन क्षेत्र हैं और हमारे पास अमूल्य वन संपदा है।

राज्यपाल ने कहा कि पर्यटन के लिए अनुकूल उत्तराखण्ड प्रदेश चारधाम यात्रा के साथ–साथ कुंभ मेला और कांवड़ यात्रा में पर्यटकों का पसंदीदा स्थान है। यहां आध्यात्म और साहसिक पर्यटन के साथ–साथ जंगल सफारी के लिए हर साल लाखों लोग आते हैं। यहां वैलनेस, योग, आयुर्वेद, मर्म, पर्यटन के साथ–साथ ईको टूरिज्म में भी बेहतर कार्य किया जा रहा है जिसे देखने के लिए देश–विदेशों से लोग आ रहे हैं। इस अवसर पर नेशनल डिफेंस कॉलेज वरिष्ठ निदेशक प्रियांक भारती, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन भी उपस्थित रहे।

...........0.............